प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.10.2023 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में बीआरडी मेडिकल कॉलेज से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारंभ : कहा– जल्द की जाएगी इंसेफेलाइटिस उन्मूलन की घोषणा।
2. मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत विभिन्न इकाईयों का किया लोकार्पण : कहा– देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है कृषि।
3. 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना के 91वें स्थापना दिवस पर प्रयागराज में होगा एयर शो : सौ से अधिक विमान एयर शो में होंगे शामिल।

और

4. उत्तर भारत में आज दोपहर महसूस किये गये भूकम्प के झटके : नेपाल रहा भूकम्प का केन्द्र।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में बीआरडी मेडिकल कॉलेज से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया। 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस विशेष अभियान के लिए मुख्यमंत्री ने जन जागरूकता प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही

दो आशा कार्यकत्री और दो आंगनबाड़ीकर्मी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। उन्होंने आयुष्मान योजना के चार लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के अंतर विभागीय समन्वित प्रयास से आज उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस समाप्ति की कगार पर है। बहुत शीघ्र इसे पूर्णतः समाप्त कर इसके उन्मूलन की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से वर्ष 2017 से डेंगू, मलेरिया, इंसेफेलाइटिस चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा। सरकार वर्ष में तीन बार अंतर विभागीय समन्वय के माध्यम से संचारी रोग नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाती है।

अक्टूबर से जनवरी तक चलने वाले इस विशेष अभियान में पहले 15 दिन का कार्यक्रम जनजागरण के साथ अंतर विभागीय जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिये है।

बाइट....

*सोलह अक्टूबर से इकतीस अक्टूबर तक का समय ये आशा कार्यकत्रि इनके द्वारा घर घर जाकर के दस्तक अभियान के माध्यम से उन सभी घरों में जहाँ कोई बुखार हो, कोई खांसी हो रही हो, कहीं भी कोई प्रकार की शिकायत है, उन लोगों के घर में जाकर के उनकी काउंसलिंग करना, उन्हें हॉस्पिटल तक पहुँचाना और फिर उनके उपचार की उचित व्यवस्था उपलब्ध करवाने का एक विशेष कार्यक्रम जनजागरण का इस दौरान भी चलेगा।*

————————————

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आज प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किये गये। वाराणसी के स्वामी विवेकानंद मेमोरियल राजकीय चिकित्सालय में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, पंचायती राज विभाग समेत 10 विभागों की टीम तैनात की गईं हैं, जो घर–घर जाकर बीमारियों की रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक करेंगी।

हमीरपुर में संचारी रोग अभियान के तहत जन जागरूकता रैली का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल स्थित सीएमओ कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन कर संचारी रोग अभियान की सफलता के लिए सभी को शपथ दिलाई गई।

उन्नाव में मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में अभियान के अंतर्गत लोगों को साफ–सफाई और स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत विभिन्न इकाईयों

का लोकार्पण और एक दिवसीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदैव किसानों को प्राथमिकता दी है और उनके लिये अनेक योजनाएं शुरू की हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लाभ किसानों को मिला है। इसके साथ ही प्रदेश के दो करोड़ बासठ लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पिछले चार वर्षों से मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और कृषि सिर्फ आजीविका नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग देती है। बाइट........

*भारत एक कृषि प्रधान देश और खेतीबाडी में देश की अधिकतर जनता लग करके न केवल अपने आजीविका को बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान देती है और जो उत्तर प्रदेश के किसानों के लिये इस क्षेत्र में अनेक संभावनाएं बन सकें इसी के लिये हमारी सरकार ने तय किया है कि कुशीनगर में एक नया कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हो और इसके लिये धनराशि हम लोग स्वीकृत कर चुके हैं। बहुत शीघ्र इस कार्यक्रम को हम आगे बढ़ाने जा रहे हैं।*

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

भारतीय वायुसेना के 91वें स्थापना दिवस पर प्रयागराज में 8 अक्टूबर को एयर शो आयोजित किया जायेगा। प्रयागराज में पहली बार होने जा रहे इस एयर शो में भारतीय वायुसेना के 100 से अधिक विमान शामिल होंगे। यह जानकारी आज सेन्ट्रल एयर कमांड के एयर मार्शल आरजीके कपूर ने दी। वह एयर शो के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिये बम्हरौली से संगम के वीवीआईपी घाट तक एयरफोर्स के जवानों और अधिकारियों द्वारा निकाली गई साइकिल रैली में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

पत्रकारों से बात करते हुए एयर मार्शल ने कहा कि एयर शो के लिये प्रयागराज को इसलिए चुना गया है क्योंकि नैनी से ही पहले जहाज ने उड़ान भरी थी। यहीं से कर्क रेखा गुजरती है। प्रयागराज में मध्य कमान का हेडक्वार्टर है। यहां काफी संख्या में आराम से लोग एयर शो देख पाएंगे। यहां एयरशो के होने से संगम नगरी के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।

एयर चीफ मार्शल आरजीके कपूर ने बताया कि भारतीय वायु सेना में जितने भी तरह के विमान हैं उनका 8 अक्टूबर को प्रदर्शन किया जाएगा। इस रोमांच को अपनी आंखों में

कैद करने के लिए कई लाख शहरियों के संगम पर आने की उम्मीद है।

इस एयर शो को देखने के लिए कोई भी व्यक्ति आ सकता है। इसे संगम नोज, वीवीआईपी घाट, अरैल घाट से देखा जा सकता है। बाइट..........

*इस साल नाइंटी वन एयरफोर्स के पूरे कर रहे हैं और इन इक्यानवे सालों में एयरफोर्स ने इस देश के लिए जो काम किया है उसको हम देश के कोने कोने तक ले जाना चाहते हैं तो उसी एक वीक सेलिब्रेशन में दो पार्ट थे। एक तो भोपाल में हमने एर डिस्प्ले किया और दूसरा आठ अक्टूबर को। एयरफोर्स डे परेड सवेरे बम्हरौली में है और शामको यहाँ एर डिस्प्ले संगम में होगा तो उसके लिए भी अवेरनेस पूरे प्रयागराज के लोगों के लिए कि सारे जो प्रयागराज के लोग हैं वो इस डिस्प्ले को देख सकते हैं।*

————————————

उत्तर भारत में आज दोपहर करीब पौने तीन बजे भूकम्प के झटके महसूस किये गये। दिल्ली एनसीआर सहित लखनऊ, बहराइच, हापुड़, बदायूं, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर, संभल, आगरा, बागपत, अलीगढ़, मैनपुरी, गौतमबुद्ध नगर के साथ ही प्रदेश के 30 जिलों में लोग भूकम्प के कारण घरों से बाहर आ गये। अभी तक किसी भी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं है। भूकम्प का केन्द्र नेपाल रहा, जहां इसकी तीव्रता छह दशमलव दो आंकी गई।

————————————

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 19 अक्टूबर को लखनऊ में 22 किलोमीटर की नशा मुक्त हॉफ मैराथन का

आयोजन होगा। यह हॉफ मैराथन दुबग्गा चौराहे से प्रारम्भ होकर भिठौली चौराहा होते हुए वापस दुबग्गा चौराहे पर समाप्त होगी। इस बारे में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने आज पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैराथन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः तीन लाख, दो लाख और एक लाख रुपये बतौर सम्मान दिये जायेंगे। बाइट............

*मेरे बेटे की पुण्य तिथि 19 अक्टूबर के अवसर पर नशा मुक्त भारत बनाने के लिये हम 19 अक्टूबर 2023 को सुबह पांच बजे लखनऊ में राष्ट्रीय लेवल पर नशा मुक्त हॉफ मैराथन दौड़ का आयोजन कर रहे है। इसमें 10 हजार वायलेटिंयर्स शामिल होंगे। प्रथम विजेता होंगे, उनको 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और मेडल सेंकड पर आने वाले को 2 लाख रुपये का तृतीय स्थान पर आने वाले को एक लाख रुपये का पुरस्कार और मेडल देने का कार्य किया जायेगा। उसके बाद जो 10 प्रथम आयेंगे उनको 21 हजार उसके बाद जो 10 प्रथम आयेंगे उनको 11 हजार उसके बाद जो 10 आयेंगे उनको 5100 रुपये प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जायेगा।*

———————————

मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत आज लखनऊ के अलीगंज स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन लखनऊ उत्तरी से विधायक डॉ0 नीरज बोरा ने किया।

ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम.ए. खाँ ने बताया कि रोजगार मेले में पांच हजार दो सौ सत्तर अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें तिहत्तर कम्पनियों ने दो हजार पन्द्रह अभ्यर्थियों को चयनित किया।

(समाप्त)